## खुली खदान में डूबीं तीन मासूम बहनें, मौत

### गांव में मातम, परिजनों ने ठेकेदार ने नहीं लगाया था चेतावनी का बोर्ड





सतना

जिले के जसो थाना क्षेत्र के रीछुल गांव में सड़क निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबने से तीन बहनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सड़क निर्माण के लिए यहां तीन माह पहले गड्ढा खोदा गया था,जिसमें हाल ही में हुई बारिश का पानी भर गया था। जिसमें एक ही परिवार की तीन बच्चियां शनिवार को खेलते-खेलते गिर गई,जिससे उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार,राजकुमार चौरसिया की बेटियां 8 वर्षीय तान्या और 5 वर्षीय जुड़वां बहनें जान्हवी और गौरी गांव में घर के पास खेल रही थीं। खेलते-खेलते तीनों बच्चियां मिट्टी के उस गड्ढे तक पहुंच गईं,जो बारिश के पानी से पूरी तरह भर चुका था। बच्चियां फिसलकर पानी में जा गिरीं। जब तक ग्रामीण उन्हें बचा पाते,तब तक देर हो चुकी थी।

#### तीनों बच्चियों की मौके पर ही मौत, गांव में पसरा मातम

गांव में इस घटना से मातम छा गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि यह मौतें प्रशासन की लापरवाही और ठेकेदार की गैरजिम्मेदारी का नतीजा है। बताया जा रहा है कि यह गड्ढा निर्माणाधीन नागौद-सलेहा बाईपास के लिए ठेकेदार मान सिंह तोमर ने तीन महीने पहले खुदवाया था।

#### पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठेकेदार मान सिंह तोमर के खिलाफ लापरवाही से मौत का प्रकरण दर्ज किया गया है।



#### गांव वालों की मांग-दोषियों को मिले सख्त सजा

गांव वालों का कहना है कि ठेकेदार ने गड्ढा खोदकर ऐसे ही छोड़ दिया था,न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया और न ही आस पास कोई सुरक्षा व्यवस्था की गई। अब तीन मासूम जानें चले जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया है।

## खबर संक्षेप

### विश्व होम्योपैथिक दिवस पर 123 रोगियों का उपचार किया गया

**मैहर।** जिला आयुष अधिकारी डॉ.नरेंद्र कुमार पटेल के निर्देशन में 270 वें डॉ हेनिमैन जयंती के उपलक्ष्य में विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर शासकीय होम्योपैथिक औषधालय (एएएम ) मैहर में मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ हैनिमैन की फोटो पर माल्यार्पण कर मेगा शिविर शुभारंभ किया गया।शिविर में मधुमेह,बीपी,वात रोग,चर्म रोग,श्वास,स्त्री रोग,अम्लपित संधिवात आदि रोगों का निदान कर निःशुल्क औषधियां दी गई। शिविर में स्वस्थ जीवन शैली के लिए आयुष विभाग द्वारा चलायी जा रही योजना के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में 123 रोगियों का उपचार किया गया।शिविर में डॉ.लक्ष्मी पांडेय,डॉ.कीर्ति अग्रवाल,महेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा,सोनम मिश्रा,रितिक कुशवाहा ने अपनी सेवाएं दी।

### सीएमओ की तत्परता से एक गाय की बची जान

**मैहर।** वार्ड क्रमांक 10 मंगोलिया चक्की स्थित सूखे कुएं में शनिवार दोपहर एक गाय सूखे कुएं में गिर गई। वार्ड वासियों द्वारा नगर पालिका में सूचित किया गया तत्परता दिखाते हुए मैहर सीएमओ सुषमा मिश्रा के द्वारा नगर पालिका की टीम को सूचित किया गया टीम मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से रेस्क्यू कर गाय को सुरक्षित कुएं के बाहर निकाला गया।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**कटनी।** शनिवार 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना हैं। इस नेशनल लोक अदालत में नालसा के निर्देशानुसार लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाना हैं। इसके लिए नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या मे निराकरण हेतु निम्नानुसार कार्यवाही करने संबंधित विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया गया है। 10 मई 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत का प्रचार-प्रसार, आवश्यक व्यवस्था तैयारी हेतु सर्व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रसारित करने के लिए कहा गया है।

### ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 अप्रैल तक कराएं पंजीयन

**कटनी।** उप संचालक कृषि तथा किसान कल्याण विभाग ने जिले के समस्त किसानों से अपील है कि वे अपने तुअर फसल की उत्पाद को बेचने के लिए नजदीकी पंजीयन केंद्र पर ई-उपार्जन पोर्टल पर खरीफ 2025 में तुअर फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य 7550 रुपये. पर विक्रय हेतु 20 अप्रैल 2025 तक पंजीयन कराकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाएं। उन्होने बताया कि पंजीयन हेतु किसान तुअर फसल का पंजीयन जिले के निर्धारित पंजीयन केंद्रों पर कार्यालयीन समय में ई-उपार्जन पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन केंद्रों गिरदावरी किसान एप कियोस्क कॉमन सर्विस सेंटर लोक सेवा केंद्र पर किसान गिरदावरी एप से पंजीयन करा सकते हैं। किसान के विगत वर्ष के पंजीयन में उल्लेखित आधार नंबर, बैंक खाता नंबर, मोबाइल नंबर, में किसी प्रकार के परिवर्तन, संशोधन की आवश्यकता होने पर संबंधित दस्तावेज प्रमाण-पत्र स्वरूप जिनको देखकर पंजीयन किया जा सके।

## पतेरी में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने तीन राहगीरों को मारी टक्कर, चालक फरार

सीसीटीवी तलाश रही पुलिस



सतना। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पन्ना रोड पतेरी चौराहे पर शुक्रवार रात करीब 11 बजे एक काली स्कॉर्पियो ने तीन राहगीरों को टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। घटना के चश्मदीद बताते हैं कि पतेरी कालोनी की ओर से आई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने चौराहे पर एक के बाद एक तीन राहगीरों को टक्कर मारी और सिविल लाइन चौराहे की तरफ भाग निकली। मौके पर मौजूद सिविल लाइन थाने के कॉन्स्टेबल अंकेश मरमट ने वाहन का पीछा किया,लेकिन चालक स्कॉर्पियो को तेज गति से बगहा की ओर ले गया। कॉन्स्टेबल मरमट ने बताया कि वापस लौटकर वह घायलों को जिला अस्पताल ले गए,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कॉर्पियो का चालक नशे की हालत में दिख रहा था। पुलिस स्मार्ट सिटी के कैमरों के फुटेज की जांच कर स्कॉर्पियो और चालक की पहचान करने में जुटी है।

## धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती



**सतना।** सोहावल-पन्ना रोड स्थित श्री सांई लोटस सिटी में हनुमान जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सोसायटी परिसर स्थित विंध्वासिनी माता मंदिर परिसर में स्थापित हनुमान मंदिर के सामने सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया। जिसमें सोसायटी से काफी संख्या में महिला-पुरूष व बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम में हनुमान जी के बालस्वरूप में जयश त्रिपाठी को देखकर हर कोई मंत्र मुग्ध हो गया।कार्यक्रम के इसी क्रम में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि श्री सांई लोटस सिटी प्रबंधन द्वारा सोसायटी परिसर में समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर कॉलोनी वासियों के बीच एक अलग ही उर्जा का संचार किया जाता है। हनुमान जयंती के मौके पर लोटस सिटी के डायरेक्टर नीरज चौरसिया ने सभी भक्तगणों को हनुमान जयंती की बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की है। कार्यक्रम में शिवेंद्र सिंह परिहार,वरूणकांत त्रिपाठी,बीपी द्विवेदी,पंडित राकेश त्रिपाठी,सत्येंद्र सिंह तोमर,अनीता सिंह तोमर, अनीता सिंह बघेल,नेहा शुक्ला,रागिनी त्रिपाठी,सत्यानंद श्रीवास्तव,संजय बागरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सफेद हाथी बन गया है मैहर का फायर बिग्रेड



मैहर।

*इस गर्मी में आए दिन खलिहानों सहित अन्य स्थानों में आग लगने की सूचना मिलती रहती है। इस अवसर पर केजेएस का फायर बिग्रेड को बुलाया जाता है मगर नगर पालिका परिषद अपने फायर बिग्रेड को लेकर आंख मूंदे बैठे किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। बताया जाता है कि मैहर नगर पालिका परिषद का फायर बिग्रेड सफेद हाथी साबित हुआ क्यों इसका उपयोग शायद ही कहीं होता हो लेकिन हमेशा इसे बिगड़ा बताकर लाखों के फर्जी बिल पास होते रहते हैं।यहां तो मैहर से सतना बनने गया फायर बिग्रेड नदारत हो गया था फिर अधिकारी के नोडयूज को लेकर खुलासा होने पर भेजा गया फायर बिग्रेड आया तो खाली टीन का मोर्चा लगा डब्बा आया जो अभी भी फोटा शूट के लिए इंतजार कर रहा है और अब इसी फायर बिग्रेड का यही हाल होने की आशंका जताई जा रही है।*

## अमिलिया खदान से पानी की सप्लाई फिल्टर प्लांट में शुरू



### आज से नगर की जनता को मिलेगा प्रतिदिन पेयजल, विधायक ने दी 4 टैंकरों की सौगात

मैहर


मैहर जिले में गर्मी की दस्तक उपरान्त मैहर नगर ही नही ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण जल संकट गहराने लगा जिससे लोगों पानी मिलना मुश्किल होता जा रहा है। पानी की तलाश में ग्रामीण व नगर के कुछ वार्डो के निवासी दर-दर भटकने को मजबूर होने लगे थे जिसकों देखते हुए मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी के प्रयासों से आज केजेएस सीमेंट फैक्ट्री की अमिलिया खदान से पानी की सप्लाई वाटर फिल्टर प्लांट में शुरू की गई है जिससे अब नगर वासियों को प्रतिदिन जल आपूर्ति हो सकेगी। इस दौरान सीएमओ एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा जल संशोधन गृह का निरीक्षण कर जानकारी ली गई। इस अवसर पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,नगर पालिका सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नितिन ताम्रकार,नगर पालिका सीएमओ एवं नल जल विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। अभी नगर में स्थानीय जनता को एक दिन छोड़कर एक दिन पानी उपलब्ध कराया जा रहा था वहीं पानी के टेंकरों से सप्लाई से नगर के अधिकांश वार्डो में पानी सप्लाई न के बराबर हो रही थी।जब कि गत वर्ष पानी के संकट को देखते हुए कलेक्टर रानी बाटड़ के प्रयासों केजेएस सीमेंट फैक्ट्ररी की अमिलिया खदान से पाइप डालकर नगर की जनता को प्रतिदिन पानी उपलब्ध कराया गया था। इस कार्य में कुछ लोगों के द्वारा अड़चने डाली गई थी जो कलेक्टर के प्रयासों से सफल नहीं हुए थे। मैहर नगर एवं आस पास के क्षेत्र में जल स्तर काफी नीचे चले जाने से गर्मी में पानी का संकट बन जाता है। अब अमिलिया खदान से लगभग 30 लाख लीटर पानी फिल्टर प्लांट में लाने के लिए 2 किलोमीटर पाइप बिछाए गए हैं जिससे यह पानी लोगों के घर-घर जाएगा। नगर में पानी की समस्या को देखते हुए मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने विधायक निधि से नगर पालिका मैहर को आज 4 पानी की टेंकरों की सौगात दी गई।

## एकेएस विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस रसायन शास्त्र के द्वारा हुआ पेटेंट ग्रांट

सतना

एकेएस विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस रसायन शास्त्र का पेटेंट ग्रांट हुआ है।प्राकृतिक उत्पादों से सक्रिय घटकों के पृथक्करण के लिए उपकरण शीर्षक वाला डिज़ाइन पेटेंट रासायनिक,दवा और वनस्पति प्रयोगशालाओं में उपयोग के लिए विकसित एक नया और कार्यात्मक रूप से विशिष्ट उपकरण दर्शाता है। यह उपकरण विशेष रूप से पौधों,जड़ी-बूटियों या सूक्ष्मजीव संस्कृतियों जैसे प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले पदार्थों से जैवसक्रिय यौगिकों के निष्कर्षण और पृथक्करण को सुविधाजनक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका अनूठा आकार और विन्यास इसकी उपयोगिता के लिए केंद्रीय है और इसके डिज़ाइन के मूल में है। जिसमें मुख्य रूप से डॉ.शैलेंद्र यादव,विभागअध्यक्ष,रसायन विभाग की अहम भूमिका रही है। इसके अलावा इस कार्य में सहयोग के रूप में कान्हा सिंह तिवारी,प्रो.रमा शंकर निगम,डॉ. मनोज कुमार शर्मा और लक्ष्मी अग्निहोत्री का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी,प्रो.हर्षवर्धन प्रो.आर.एस.त्रिपाठी और विश्व विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।








## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव को लेकर नगर अमानगंज में निकाली गई विशाल शोभायात्रा

**गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा भी रहे मौजूद**



**अमानगंज।** हनुमान जन्मोत्सव को लेकर अमानगंज के हिंदू धर्म प्रेमी बंधुओ ने नगर अमानगंज में विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा नगर अमानगंज के बड़े हनुमान जी मंदिर से निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए प्रमुख देवालयों पर पहुंची जगह-जगह इस शोभायात्रा का स्वागत किया गया वही शोभायात्रा पूरे नगर का भ्रमण करते हुए वापस बड़े हनुमान जी मंदिर पहुंची जहां इसका विसर्जन किया गया। इस दौरान शोभायात्रा में गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा भी शामिल हुए।

### खेत में पड़ी तीन एकड़ की गेहूं की फसल आग में जलकर खाक



**पीड़ित किसान पहुंचा अमानगंज थाने**

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम ढोरोहां में एक आगजनी का मामला सामने आया है जिसमें किसान की तीन एकड़ की फसल जलकर खाक हो गई है। पीड़ति किसान ने शनिवार की दोपहर अमानगंज थाना पहुंचकर सूचना देते हुए पुलिस को बताया कि शुक्रवार की दोपहर खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग धँधक उठी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तीन एकड़ गेहूं की फसल पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। वहीं पीड़ति किसान रामस्वरूप पिता बारे पटेल उम्र 50 बर्ष निवासी ढोरोंहा ने पूरे मामले की सूचना अमानगंज पुलिस को दी जिस पर आज अमानगंज पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर जांच मे लिया।


### क्षेत्र में हो रही निरंतर सड़क दुर्घटनाएं, अमानगंज बाईपास के पास तेज रफ्तार मोटर बाइक अनियंत्रित होकर गिरी

**25 वर्षीय युवक हुआ गंभीर रूप से घायल, कटनी रेफर**



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अमानगंजदृ छतरपुर मुख्य सड़क मार्ग बाईपास के पास एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है । जिसमें यह 25 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल है प्राप्त जानकारी के अनुसार उमेश चौधरी उम्र 22 वर्ष निवासी हीरापुर पवई अपने रिश्तेदारी के यहां गढोखर आया हुआ था तभी अमानगंज से गढोखर जाते वक्त मोटर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे मोटर बाइक में सवार उमेश चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे 108 वाहन के माध्यम से अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, ट्रैक्टर के नीचे दबा चालक



**अमानगंज।** जिले के सुनवानी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सुनवानी ग्राम के पास सुनवानीदृ जैतपुर मुख्य सड़क मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है, जिसमें ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर चालक खेत में गहरी जुताई कर वापस सुनवानी आ रहा था और अत्यधिक स्पीड में था वही अचानक ट्रैक्टर की स्टेरिंग अनियंत्रित हो गई और ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर पलट जाने से ट्रैक्टर को चला रहा चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया, वहीं राह से निकल रहे जनपद पंचायत सदस्य एवं उनकी टीम द्वारा मौके पर पड़े व्यक्ति को बाहर निकालने का प्रयास किया ।

# जल संवर्धन से जल को बचाने हेतु नालों के सुधार को लेकर जरूरत

जल संवर्धन के माध्यम से ही जिन नालों को प्रकृति ने हमें प्रदान किया है उन्हें बचाये रखने की ओर मार्ग तय करें जिससे कई नाले जो आज कई गांवों को जल स्तर के साथ-साथ समय पर जल की आपूर्ति किसानों के लिये उनकी फसलों को सिंचित करने का कार्य करते है। आखिर इन नालों के सुधार से ही जल संवर्धन के मायने सिद्ध होंगे।



**पन्ना**

जल ही जीवन है वर्तमान समय में प्रमुख जरूरत जल की जानी जा रही है तभी तो जल संवर्धन की ओर सरकार का प्रयास जारी है। अब समय के साथ वर्तमान हालात को ध्यान में रखकर ऐसे नालों का सर्वे करते हुये जो कई गांवों को स्वयं अपने जल से आपूर्ति के रूप में जल स्तर बनाये रखने के साथ-साथ गांवों में इन नालों के माध्यम से आम आदमी अपनी जरूरतों में जैसे स्नान तथा सिंचाई के उपयोग में तथा पशुओं के पानी पीने की व्यवस्था को लेकर जाने जाते है। इन नालों के सुधार को लेकर जल संवर्धन के माध्यम से कार्य किये जायें तो शायद कई गांवों का जल स्तर बना रहेगा तथा प्राचीन समय से ये नाले जो आज अपनी अस्तित्व को बचाये रखने में कहीं न कहीं संघर्ष कर रहे है। इनको बचाये रखने से गांवों का जीवन स्वमेव जल स्तर को लेकर मजबूत होगा वहीं किसानों के लिये समय पर फसलों को पानी भी नालों से मिलता है वहीं यही नाले हमारे गांवों की जरूरत जल की पूर्ति करने को लेकर अहम रूप से जाने जाते है। उदाहरण को लेकर जिले के अजयगढ़ तहसील में कई नाले कई गांवों में जल को बनाये रखने को लेकर आज भी अपने अस्तित्व को लेकर जाने जाते है जिनमें बडवारी नाला वहीं मझगांय पुल के नीचे से निकलने वाला नाला तथा पड़रहा गांव के पास का नाला बरकोला गांव के पास का नाला ऐसे कई गांव जो नालों के पानी से गांवों की जरूरत हर समय पूरी करने को लेकर जाने जाती है जिनको जल संवर्धन के माध्यम से आज सुधार की दिशा तय की जाये तो शायद यही नाले आने वाले समय में जल संकट से निजात दिलाने को लेकर उपयुक्त साबित होंगे।

# गहरे गड्ढे में डूबने से तीन मसूम सगी बहनों की मौत

## सलेहा से लगे सतना जिले के रीछुल गांव का मामला

### रीछुल गांव में स्थित सुन्पैरा तलाब में हुई दर्दनाक घटना

**पन्ना।**



रीछुल निवासी राजकुमार चौरसिया की तीन मसूम बेटियों की हुई मौत प्राप्त जानकारी के अनुसार मासूम बेटियों के पिता राजकुमार चौरसिया माता प्रभा चौरसिया खेत गये हुए थे अपनी तीन बेटियों एवं बेटे को घर पर अकेला छोड़ गए थे तीनों बेटियां खेलते खेलते तलाब चली गई जहां एक गहरा गड्ढा जिसकी लम्बाई लगभग 30 फिट चौड़ाई 20 फिट गहराई 15 फिट होगी गड्ढे में लगभग 8 गहरा पानी भरा हुआ है। हासिल जानकारी के अनुसार गधे से निकटतम आम का पेड़ लगा हुआ है इसकी टहली गड्ढे तक झूम रही आम की टाकुरिया झड़ती रहती है इन्हीं आम की टाकुरिया मासूम बच्चियां बीन रही थी तभी एक बच्ची का पैर फिसल गया और बच्ची गढ्ढे गिर गई बैहन को बचाने के चक्कर में दो और मासूम बच्चियां गढ्ढे में गिर गई। जिनकी पानी में डूबने से मौत हो गई बच्चियों के पिता ने बताया के तीनों बच्चियां सुबह 10 बजे से घर से निकल गई थी जिनकी हमलोगों द्वारा तलास की जा रही थी दोपहर 1.30 बजे नाबालिक रामराज लौधी एवं अन्य लोग अपनी भैंसों को पानी दूने तलाब गे तो देखा एक बच्ची गड्ढे के ऊपर मृत अवस्था में तैर रही थी। नाबालिक व्यक्ति ने परिजनों को जिसकी सूचना दी जहां मौका स्थल पर परिजन पहुंचे बच्चियों को तालाब से निकला पाया कि तीनों बच्चियों मृत अवस्था में पाई गई तीन बच्चियां सगी बहैन थी नाम गौरी 8 वर्ष एवं जुड़वां बैहने जानवी तानिया 6 वर्ष एक ही पिता की तीनों पुत्री थी परिवार एवं गांव में मातम छा गया। घटना स्थल पर जसो थाना प्रभारी नागौद एसडीओपी एसडीएम द्वारा विवेचना की जा रही है।

# पवित्र नगरी बना अवैध शराब का अड्डा

## पन्ना मे प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से बिक रही शराब, होम डिलीवरी भी हो रही

**पन्ना**




सीएम मोहन यादव ने डेस्टिनेशन कैबिनेट में प्रदेश के 17 धार्मिक नगरों में शराबबंदी 1 अप्रैल से लागू कर दी है। जिसमें जुगल किशोर जी की नगरी पन्ना भी शामिल है। लेकिन पन्ना में आबकारी विभाग के गैर जिम्मेदाराना रवैये के चलते शराबबंदी लागू होती नहीं दिख रही है। पन्ना मे प्रतिबंध के बावजूद शराब की बिक्री बेरोकटोक हो रही है। सूत्रों से जानकारी के अनुसार दावा तो यह भी है कि ग्राहकों के लिए घर पर ही शराब की डिलीवरी भी की जा रही है। सूत्रों की माने तो शराब माफिया द्वारा संचालित नगर के विभिन्न स्थानों से कोई भी व्यक्ति आसानी से शराब खरीद सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आबकारी विभाग के अधिकारी के संरक्षण में नगर की गलियों में अवैध शराब बेची जा रही है। जब भी हम अधिकारी से शिकायत करते हैं तो वे सिर्फ शिकायत दर्ज करके मामले को दबा देते हैं, वे सिर्फ औपचारिकता पूरी करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई करते हैं। लोग बताते है कि अवैध शराब गली-मोहल्लों में बेची जा रही है और कोई भी व्यक्ति आसानी से अपने दरवाजे पर शराब प्राप्त कर सकता है, क्योंकि शराब माफिया शराब पहुंचाने के लिए बेरोजगार युवकों को निशाना बनाते हैं। अवैध कारोबार के कारण स्थानीय लोगों को शराबियों की समस्या से जूझना पड़ रहा है, जो बड़ी संख्या में शराबियों का जमावड़ा लगाते हैं। नगर के कुछ मोहल्ले ऐसे हैं, जहां शराब बड़ी आसानी से प्राप्त की जा सकती है। अवैध शराब की बिक्री सिर्फ गली मोहल्लों तक व सिर्फ गांवों में ही नहीं, बल्कि हाईवे पर सड़क किनारे बने ढाबों में भी अवैध शराब परोसी जा रही है। स्थानीय लोगों ने आबकारी विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्थानीय प्रशासन पर अवैध शराब की बिक्री को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। लोगो ने आरोप लगाया कि विभागीय सर्किल द्वारा प्रत्येक सर्किल में शराब की बिक्री का लक्ष्य निर्धारित किया जाता है। अगर ऐसा नहीं है तो पन्ना में अवैध शराब की बिक्री कैसे की जा रही है ? यह बड़ा सवाल है।

# श्री चण्डी देवी के दो दिवसीय डिघौर मेला का हुआ भव्य समापन

## मशहूर लोक गीत कलाकार जय सिंह राजा की शानदार स्तुति



**गुनौर।** स्वर्गीय कुमार महेंद्र प्रताप सिंह की स्मृति में चल रहे दो दिवसीय श्री चंडी देवी मेला का समापन शुक्रवार दिनांक 11 अप्रैल 2025 को हुआ जिसमें बुंदेलखंड के लोकगीत के मशहूर कलाकार जयसिंह राजा परमार द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम के प्रथम दिन माता के जवारे निकाले गए एवम् राई लोकगीतों का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुवात स्व. महेंद्र सिंह जू देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरुवात की गई जिसमें भारी संख्या में क्षेत्रीय सहित पूरे जिले से आए हजारों लोगों ने इस कार्यक्रम का आनंद लिया। श्री चण्डी देवी मेला का दो दिवसीय आयोजन चौत्र नवरात्र की तेरस चौदस तिथि को हर वर्ष आयोजित किया जाता है जिसकी शुरुआत स्वर्गीय श्री कुंवर महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा की गई थी।मेले में आयोजित कार्यक्रमों की शुरुआत रात 9 बजे से सुबह 5:00 बजे तक किया गया जिसमें भारी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का लुफ्त उठाया।

# हनुमान जयंती पर देवेंद्रनगर में उमड़ा श्रद्धा का सागर

## सभी प्रमुख मंदिरों में पूजा, भंडारा और भक्ति का अनुपम आयोजन



देवेंद्रनगर। संकटमोचन श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर शनिवार को देवेंद्रनगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में भक्ति, उत्साह और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। भोर से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों की ओर रुख शुरू हो गया और दिनभर भजन, पूजन, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ और प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा। नगर के जय स्तंभ चौक स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर, राजा दहार हनुमान मंदिर, बरवाड़ा मोड़ स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, राजादहार मंदिर, बाजार स्थित प्राचीनतम हनुमान मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर तिराहा परिसर, तथा नगर परिषद कार्यालय के पास नवनिर्मित हनुमान मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों में विशेष श्रृंगार कर श्री हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने सिंदूर, गुलाब माला व चोला चढ़ाकर श्रीराम नाम लिखे पीपल पत्र समर्पित किए।दोपहर एक बजे नगर के विभिन्न मंदिरों में महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अनुष्ठान संपन्न हुआ। जगह-जगह चना-गुड़, रोठ, खीर-पूड़ी सहित पारंपरिक प्रसाद वितरित किया गया। नगर में चारों ओर जैसे भक्ति की गंगा बह रही थी। श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि ष्आज के दिन कोई भूखा न रहे, और हर गली-मोहल्ले में भंडारे के आयोजन के साथ इस संकल्प को साकार किया गया। इस पावन आयोजन में निक्की जायसवाल,सड्डू गुप्ता अजीत जैन,प्रशांत जैन,कृष्ण कुमार द्विवेदी, पुण्यकेशर द्विवेदी बुद्ध सिंह, सहित अनेक सेवाभावी जन सहयोगी रूप में उपस्थित रहे। देवेंद्रनगर में यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जनसामूहिक सेवा और भक्ति की मिसाल बनकर सामने आया।

# फिर चले हम स्कूली शिक्षा है जरूरी, तभी तो शिक्षा होगी पूरी

**पन्ना**




फुटबॉल 4 वॉश समर्थन संस्था की तरफ से स्कूल चलो अभियान की निकाली जा रही रैली। जिसमें शाला त्यागी बच्चे ,अनियमित जाने वाले बच्चे एवं प्रवेश लेने से वंचित सभी बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा से जोड़ने का महत्पूर्ण मुहिम चलाया जा रहा है। कोई भी बच्चा छूट न पाए हर बच्चा स्कूल जाए इस बात को ध्यान में रखकर बच्चे, पैरेंट्स से संपर्क किया जा रहा है। स्कूल टीचर से जानकारी प्राप्त किया कि कौन से बच्चे नहीं आते है स्कूल, तब जाकर गांव भ्रमण कर निकाली गई स्कूल चलो अभियान की रैली जिसमें बच्चों ने फुटबॉल 4 वॉश खेल के माध्यम से रैली में दिखाई रुचि और गांव में मोहल्ले - मोहल्ले जाकर लगाए स्कूल चलो अभियान के नारे और अपने दोस्तों से मिलवाया जो नहीं जाते थे स्कूल। गांव भ्रमण कर बच्चों के प्रवेश में आने वाली कठिनाइयों को भी टीम के द्वारा समझा जा रहा है जैसे कि आईडी में नाम गलत होने के कारण प्रवेश न ले पाना तब टीम के द्वारा उसका सुझाव बताकर किया जा रहा समाधान साथ ही स्कूल में दर्ज छात्रों का स्कूल न जानें का कारण पता कर स्कूल जाने का महत्व और शिक्षा कितनी है जरूरी बताया जा रहा है। समर्थन से श्री ज्ञानेंद्र तिवारी और श्री आशीष विश्वास के मार्गदर्शन में फुटबॉल 4 वॉश की जिला समन्वयक आरती विश्वकर्मा टीम स्कूल कोच मानसी विश्वकर्मा,अंजना यादव,विक्रम सिंह,ज्योति चौधरी के द्वारा बच्चों के साथ मिलकर किया जा अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल से जोड़ने और नियमित शिक्षा से जोड़ने का प्रयास। गौरतलब बात यह है कि अब तक चार गांवों में स्कूल चलों अभियान के लिये प्रेरणा रैली के माध्यम से जहां इस टीम के द्वारा दी गई है। जिसमें पन्ना जनपद अंतर्गत जरधोवा, सुन्दरा, इंटवा तिलहा व उमरी गांव बताये गये है। निश्चिततौर पर शिक्षा से ही संपूर्ण विकास का मार्ग प्रशस्त्र होता है शिक्षा से ही मानव व मानवता जैसी दिव्यता आती है जहां स्वयं के जीवन का प्रकाश तो तय होता ही है तथा संपूर्ण समाज को भी शिक्षा के माध्यम से प्रकाश प्रदान करते हुये जीवन ज्योति को लेकर जाना जाता है। शिक्षा ही वह गुण है जो आपको सम्मान का मार्ग प्रदान करने के लिये जानी जाती है। जो सड़क से संसद तक का मार्ग प्रसशस्त्र करने को लेकर आपके सामने जीवन में अवसर प्रदान करती है हर क्षेत्र के विकास में शिक्षा ही आधार मानी जाती है। प्राथमिक शिक्षा से ही शिक्षा का आधार मजबूत होता है स्कूल चलो अभियान की सार्थक पहल तभी साबित होगी जब एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

**कहने लगे है अब सब बच्चे** - आधी रोटी खायेंगे, स्कूल जरूर जाएंगे। मम्मी पापा हमे पढ़ाओ, चलकर मेरा नाम लिखाओ।

# अशोक लीलैंड सर्विस सेंटर में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

रॉमरूत प्राइवेट ऑटो मोबाइल्स लिमिटेड की सराहनीय पहल नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गाड़ी चालकों का कराया नेत्र परीक्षण एवं एमबीबीएस डॉक्टर ने किया गाड़ी चालकों का बीपी एवं शुगर का चेकअप, हनुमान जयंती के अवसर पर जहां दुर्घटनाओं को रोकने के लिये भी यह आयोजन जाना गया






**अमानगंज।** अमानगंज स्थित अशोक लीलैंड के अधिकृत सर्विस सेंटर रामरूत ऑटोमोबाइल्स प्राइम प्राइवेट लिमिटेड में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर भंडारा प्रसाद वितरित किया गया रामरूत ऑटो मोबाइल प्राइवेट लिमिटेड के संचालक श्री आदित्य शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में अशोक लीलैंड के अधिकारी की गरिमामई उपस्थिति रही वर्कशॉप में कैंप लगाया गया जिसमें एमबीबीएस डॉक्टर नेत्र विशेषज्ञ द्वारा ट्रक चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया जिन चालकों की आंखों की ज्योति कमजोर पाई गई उनके लिए चश्मा बनवाया जाएगा एवं जिन चालकों की शुगर और बीपी की समस्या है उनको एमबीबीएस डॉक्टर के द्वारा चेकअप के बाद दवाई वितरित की गई आदित्य शर्मा ने बताया भारी हैवी ट्रैफिक होने के कारण रोड छोटी होने के कारण दुर्घटनाएं तो होती है लेकिन कभी-कभी गाड़ी चालकों के द्वारा भी लापरवाही की जाती है गाड़ी चालक स्वस्थ नहीं होता है आईसाइट कमजोर होने के कारण भी चालक के द्वारा गलती हो जाती है एवं जिन चालकों की शुगर एवं बीपी की समस्या है उसके कारण चालक अनफिट रहते हैं चालकों का अस्वस्थ होना खतरनाक होता है जिससे आम क्षति भी हो सकती है इन्हीं सब बातों का ध्यान रखते हुए रामरूत ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा वर्कशॉप में हनुमान जन्मोत्सव बनाया गया भंडारा प्रसाद वितरण किया गया भारी संख्या में लोग शामिल हुए अमानगंज के गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

# आबकारी विभाग की टीम ने तीन स्थानों से 29 हजार की अवैध शराब जप्त की



**पन्ना।** जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार संचालित सघन अभियान अंतर्गत सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल सिंह जाटव के नेतृत्व में आबकारी टीम द्वारा तीन स्थानों से अवैध शराब पकड़ी गई है। अजयगढ़ थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर एवं अवैध शराब जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना एवं अजयगढ़ मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत पूरे जिले में मुखबिरों के तंत्र को सक्रिय कर अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, विक्रय और परिवहन संबंधी सूचनाएं प्राप्त की जा रही है। इस क्रम में थाना अजयगढ़ के ग्राम भुजबई में एक ढाबे से आरोपी अजय सिंह के आधिपत्य से 9 किंगफिशर बीयर की बोतल कीमती 1800 रुपए, 13 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब कीमती 1755 रूपये और 37 पाव देशी मदिरा सादा कीमती 2775 रुपए जप्त की गई। इसके बाद ग्राम सिंहपुर में आशा साहू के रिहायशी मकान में जलती हुई भट्टी पर महुआ से कच्ची शराब बनाई जा रही थी, जिसमें लगभग 4 लीटर कच्ची शराब कीमती 600 रुपए, 9 डिब्बों में लगभग 135 किग्रा महुआ लाहन कीमती 13500 रुपए और कच्ची शराब बनाने के उपकरण जप्त किए गए। ग्राम बरियारपुर में आरोपी दीना केवट के कब्जे से 6 डिब्बों में 90 लीटर महुआ लाहन कीमती 9000 रुपए जप्त कर अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। तीनों आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## खबर संक्षेप



### लीनेस क्लब ने वृद्धाश्रम में लगाया नेत्र चिकित्सा शिविर

**छतरपुर**। लीनेस क्लब छतरपुर द्वारा बीते रोज शहर के दर्शना वृद्धाश्रम में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य का नेतृत्व नेत्र विशेषज्ञ डॉ. रचना चौरसिया ने किया। शिविर के दौरान वृद्धाश्रम में निवासरत सभी बुजुर्गों की आंखों की जांच की गई तथा उन्हें आई ड्रॉप्स, चश्मे, ताजे फल और पेय पदार्थ वितरित किए गए। सेवा भावना से सम्पन्न इस आयोजन में क्लब की सचिव ली. ज्योति अग्रवाल एवं ली. तनु बुंदेला का विशेष सहयोग रहा। क्लब की ओर से डॉ. रचना चौरसिया एवं वृद्धाश्रम की संचालिका श्रीमती प्रभा वैद्य को पुष्पगुच्छ और स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एरिया ऑफिसर ली. रजनी रावत, क्लब अध्यक्ष ली. कल्पना रावत, सचिव ली. ज्योति अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ली. मानसी अग्रवाल, ली. सुषमा भार्गव, ली. माला अग्रवाल, ली. अर्चना बृजपुरिया, ली. प्रतिभा अग्रवाल, ली. प्रवीण राय, ली. तनु बुंदेला सहित सभी लीनेस बहनें उपस्थित रहीं।

### झूठे मामले की जांच कराने एसपी ऑफिस पहुंचा यादव समाज



#### एफआईआर से नाम हटाने की मांग, सीएसपी ने दिया निष्पक्ष जांच का आश्वासन

**छतरपुर**। शनिवार को यादव समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। समाज का आरोप है कि नौगांव थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के खिलाफ राजनीतिक रंजिश के चलते झूठा मामला दर्ज किया गया है। समाज ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और नाम एफआईआर से हटाने की मांग की है। इस दौरान जब ज्ञापन लेने के लिए जब कोतवाली थाना प्रभारी पहुंचे तो समाज के लोग नाराज होकर धरने पर बैठ गए। बाद में छतरपुर सीएसपी अमन मिश्रा मौके पर पहुंचे और समाज का ज्ञापन लेकर निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। यादव समाज के युवा नेता दीपांशु यादव ने बताया कि विगत 9 अप्रैल को नौगांव थाना अंतर्गत लुगासी चौकी में ग्राम झींझन निवासी देवेन्द्र यादव को किसी कार्य से पुलिस ने बुलाया था। उसी दौरान झींझन गांव में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ, जिसकी एफआईआर नौगांव थाना में दर्ज की गई। हैरानी की बात यह है कि एफआईआर में देवेन्द्र यादव का नाम भी शामिल कर दिया गया, जबकि विवाद के समय वह पुलिस चौकी में मौजूद था। पूर्व जनपद अध्यक्ष और झींझन ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि डालचंद यादव नत्थू ने आरोप लगाया कि देवेन्द्र यादव के खिलाफ दर्ज किया गया मामला पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष भावना का परिणाम है। उन्होंने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और देवेन्द्र यादव का नाम एफआईआर से हटाया जाना चाहिए।

### एक सप्ताह पहले बनी सीसी रोड में आई दरारें

**छतरपुर**। नगरपालिका द्वारा चौबे कॉलोनी वार्ड क्रमांक 23 अंतर्गत शंकर नगर कॉलोनी में गौंड़ बाबा चौराहे से एसवीएन स्कूल तक करीब 20 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण एक सप्ताह पहले कराया गया था, लेकिन निर्माण के कुछ ही दिनों में सड़क में कई जगहों पर दरारें आ गई हैं। स्थानीय रहवासियों ने घटिया सामग्री के उपयोग और निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, ठेकेदार और इंजीनियर की लापरवाही के चलते रेत की जगह मोरम का उपयोग किया गया, वहीं सीमेंट भी तय मात्रा से कम डाली गई। नतीजतन रोड की गुणवत्ता प्रभावित हुई और जगह-जगह दरारें पड़ गईं। रोड की मोटाई भी असमान रूप से कहीं 4 इंच तो कहीं 8 इंच डाली गई।

## निजी स्कूलों पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

# आधा दर्जन निजी स्कूलों पर लगाया 1-1 लाख रुपये का जुर्माना

**छतरपुर**। निजी शिक्षण संस्थानों द्वारा अभिभावकों से की जाने वाली वसूली के प्रति इस बार जिला प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। पिछले दिनों कलेक्टर द्वारा गठित ब्लॉक स्तरीय समिति ने कई निजी विद्यालयों की जांच की थी, जिसमें सामने आए तथ्यों के आधार पर अब छतरपुर के आधा दर्जन निजी स्कूलों के विरुद्ध जिला प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।



कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बताया कि जिला प्रशासन को अभिभावकों से यह शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि अशासकीय विद्यालयों द्वारा पुस्तकें, गणवेश एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री के नाम पर अनुचित एवं अत्यधिक राशि वसूली जा रही है। नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परिप्रेक्ष्य में इस समस्या के समाधान हेतु तीन सदस्यीय ब्लॉक स्तरीय समिति का गठन किया था। समिति द्वारा निरीक्षण उपरांत प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के आधार पर जिला स्तरीय समिति ने डीपीएस, क्रिश्चियन स्कूल, शीलिंग होम, सुमति एकेडमी, एडिफाई और डीसेंट स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी किए थे। स्कूलों द्वारा प्रस्तुत जवाबों का पुनर्परीक्षण विकास खंड शिक्षा अधिकारी ईशानगर द्वारा किया गया, जिसमें यह पाया गया कि स्कूलों के जवाब तथ्यविहीन एवं असंतोषजनक थे। साथ ही यह भी स्पष्ट हुआ कि स्कूलों ने लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशों का भी पालन नहीं किया, जिसके बाद उक्त विद्यालयों पर यह जुर्माना अधिरोपित किया गया है। इसके साथ ही स्कूलों को भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न करने की चेतावनी भी दी गई है।

### वसूली गई अतिरिक्त फीस वापिस करे विद्यालय

कलेक्टर ने जिला समिति ने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर कोई भी पुस्तक किसी छात्र या छात्रा से क्रय न कराई जाए। साथ ही मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित) नियम 2020 के नियम 9(8) के तहत यदि किसी अभिभावक से निर्धारित राशि से अधिक वसूली की गई है, तो वह राशि उन्हें वापस लौटाई जाए। उन्होंने बताया कि एनसीईआरटी एवं म.प्र. पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा कक्षा 1 और 2 के लिए अधिकतम 195 रुपये, कक्षा 3 के लिए 390 रुपये, कक्षा 4 व 5 के लिए 260 रुपये, कक्षा 6 के लिए 780 रुपये, कक्षा 7 के लिए 940 रुपये एवं कक्षा 8 के लिए 960 रुपये निर्धारित किए हैं। वहीं म.प्र. पाठ्यपुस्तक निगम की पुस्तकों की अधिकतम दरें कक्षा 1 के लिए 194 रुपये, कक्षा 2 के लिए 240 रुपये, कक्षा 3 के लिए 315 रुपये, कक्षा 4 के लिए 289 रुपये, कक्षा 5 के लिए 317 रुपये, कक्षा 6 के लिए 504 रुपये, कक्षा 7 के लिए 509 रुपये एवं कक्षा 8 के लिए 547 रुपये निर्धारित की गई हैं।

# महिलाओं ने एसपी ऑफिस के बाहर किया आत्महत्या का प्रयास



### न्याय न मिलने से हताश होकर उठा रही थीं आत्मघाती कदम

**छतरपुर**। बीते रोज दोपहर के वक्त चार महिलाओं ने एसपी कार्यालय के बाहर एक पेड़ से फांसी लगाने की कोशिश की, जिससे हड़कंप मच गया। ये महिलाएं अपने थैले से रस्सी निकालकर पेड़ पर चढने लगीं, लेकिन पुलिस को जैसे ही इसकी जानकारी मिली, वह तुरंत मौके पर पहुंची और उन्हें रोक लिया।

पुलिस ने महिलाओं को एसपी ऑफिस में ले जाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विदिता डागर से मिलवाया। पुलिस ने उन्हें अपनी समस्या बिजावर एसडीओपी को बताने की सलाह दी। ये महिलाएं मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम चौका की निवासी हैं और गांव के ठाकुर परिवार से विवाद के कारण परेशान हैं। वे मातगुवां थाने में शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई न होने से नाराज थीं। इसी वजह से सुबह 11 बजे से अपनी शिकायत दर्ज कराने एसपी कार्यालय पहुंची थीं, लेकिन दो घंटे तक उनकी बात नहीं सुनी गई। हताश होकर उन्होंने कार्यालय के बाहर पेड़ से फांसी लगाने की कोशिश की। महिलाओं का कहना था कि थाने में शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई और एसपी ऑफिस में भी कोई सुनने को तैयार नहीं था।

# खजुराहो में सुंदर कांड और विशाल भंडारे का आयोजन



**खजुराहो**। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर खजुराहो स्थित बघराजन माता सिद्ध धाम मंदिर में बजरंग सेवा समिति एवं सुंदरकांड समिति द्वारा भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सुंदरकांड पाठ, कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल सुंदरकांड पाठ के साथ हुई, जिसके पश्चात कन्या भोज का आयोजन किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का संचार दिखाई दिया। बजरंग सेवा संगठन के आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा हर मंगलवार को सुंदरकांड का आयोजन निरंतर किया जा रहा है और इस सेवा कार्य को दो वर्ष पूरे हो चुके हैं। हनुमान जयंती के विशेष अवसर पर इस परंपरा को और अधिक व्यापक रूप में मनाया गया। भक्तों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए समिति के प्रति आभार व्यक्त किया और हनुमान जी से सभी के कल्याण की कामना की। धार्मिक आस्था और जनसेवा के इस संगम ने पूरे क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

## ब्रह्म मुहूर्त में हुआ बालाजी का अभिषेक

# सामूहिक सुंदरकांड में हजारों हुए शामिल

**छतरपुर**। कवन सो काज कठिन जग माहीं, जो नहीं होय तात तुम पाहीं। भक्तों के सब काम करने वाले और संकट काटने वाले भगवान श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिरों के साथ ही लाखों लोगों की आस्था के केंद्र बागेश्वर धाम में बालाजी की विशेष पूजा अर्चना की गई। ब्रह्म मुहूर्त में बालाजी का अभिषेक करते हुए उनका श्रृंगार किया गया। सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ एवं सुंदरकांड पाठ किया गया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा रसोई में विशेष भंडारा रखा गया। बागेश्वर धाम के पंडित धीरू महाराज ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव की पावन बेला में ब्रह्म मुहूर्त से ही कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई ब्रह्म मुहूर्त में बालाजी का अभिषेक करने के बाद अर्चन किया गया इसके बाद विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर बालाजी मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। उन्होंने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर बागेश्वर धाम आए हजारों श्रद्धालुओं ने सामूहिक सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ में हिस्सा लिया। सामूहिक पाठ के बाद हवन किया गया। समूचे गांव में श्री राम नाम संकीर्तन करते हुए टोली भ्रमण पर निकली। गांव में श्री राम नाम का अलख जगाया गया। धाम के सेवादार राजपाल सिंह ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर विशेष भंडारे की व्यवस्था की गई। खीर पूड़ी, दो प्रकार की सब्जियों के साथ रायता, सलाद, पापड़ सहित अन्य भोजन सामग्री यहां आए श्रद्धालुओं को परोसी गई।

### बागेश्वर धाम सुंदरकांड समिति सरबई ने कराया कन्या भोज

बागेश्वर धाम सुंदरकांड समिति सरबई ने हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एक भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर समिति द्वारा हवन पूजन और विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन पूजन के साथ हुआ, जिसमें समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हवन पूजन के दौरान मंत्रोच्चारण और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की गई एवं सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि वे



आगे भी इस तरह के आयोजन करते रहेंगे और समाज में धार्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे। सुंदरकांड समिति से कमल किशोर अग्निहोत्री, अवधेश तिवारी,रमाकान्त मिश्रा, जगनंदन द्विवेदी, स्वयंवर सिंह सेंगर, नत्थू वजपेयी , रवीन्द्र वाजपेयी , जीतेन्द्र शुक्ला व दिनेश शुक्ला सहित सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

### श्री हनुमान मंदिर में हुई विशेष सजावट

श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित समूचे जिले में स्थित हनुमान मंदिरों की विशेष साज-सज्जा की गई। सिद्ध क्षेत्र कूडनताल धाम में मंदिर की विशेष सजावट की गई। आकर्षक एवं आधुनिक लाइटों से मंदिर परिसर जगमगा उठा। छतरपुर के व्यापारी मंडल द्वारा यहां विशाल भंडारा भी किया गया। शहर के खड़े हनुमान मंदिर, श्री हनुमान टोरिया, मोटे के महावीर मंदिर, मंगल मूर्ति मंदिर, पंचदेव हनुमान मंदिर, बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर आदि की आवश्यक आकर्षक सजावट की गई।

### मोटे के महावीर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हनुमान जयंती के अवसर पर मोटे के महावीर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजन के लिए पहुंचे। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा-अर्चना और हवन के साथ दिनभर धार्मिक गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष विनोद रावत एवं सचिव आनंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्राचीन मंदिर क्षेत्र की आस्था का केंद्र है। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि यहां मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, इसी कारण हर वर्ष हनुमान जयंती पर यहां विशेष आयोजन होता है। धार्मिक वातावरण से सराबोर इस आयोजन में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।




## अनगढ़ टौरिया पर हुआ कन्या भोज, भंडारा



श्री हनुमान जयंती के अवसर पर शहर के अनगढ़ टौरिया सरकार सिद्ध पीठ धाम पर धार्मिक श्रद्धा और भक्ति भाव से भरा आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान भक्तजन सुबह से ही मंदिर परिसर में पहुँचने लगे थे। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन में प्रमुख रूप से दिनेश तिवारी, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बॉबी राजा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### छतरपुर के मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में हुआ पूजा-पाठ

भगवान हनुमान जी के प्रकटोत्सव पर छतरपुर के जवाहर रोड पर स्थित श्री मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में इस साल भी परंपरा के अनुसार अखंड रामायण का पाठ किया गया और दोपहर 12 बजे हवन के साथ हनुमान जी का प्रकटोत्सव मनाया गया, जिसमें भक्तों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# विधायक ने ग्राम देरी में सीसी रोड और सुदूर सड़क का किया भूमि-पूजन



**छतरपुर**। विधायक ललिता यादव ने बीते रोज अपनी विधानसभा की ग्राम पंचायत देरी में 24 लाख 75 हजार रुपये की लागत से बनने वाली दो सड़कों के निर्माण कार्य के लिए भूमि-पूजन किया। उन्होंने बताया कि मनरेगा मद से 19 लाख 75 हजार रुपये की राशि से पठापुर मैन रोड से वनवासी सरकार मंदिर तक सुदूर सड़क का निर्माण होगा, जबकि 5 लाख रुपये की विधायक निधि से गांव में ग्वालबाबा के पास सीसी रोड बनेगी। भूमिपूजन करते हुए विधायक ललिता यादव ने कहा कि पठापुर मैन रोड से सड़क बनने से लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी, वहीं ग्वालबाबा जाने वालों के लिए सीसी रोड लाभकारी साबित होगा। भूमि-पूजन के बाद विधायक ने वनवासी सरकार मंदिर में मत्था टेका। इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह यादव मोनू, देरी सरपंच योगेंद्र अहिरवार, सचिव गोविंद दास रावत, सह सचिव राजकुमार पाठक और ग्रामीण मौजूद रहे।

# दो नग स्प्रिंकलर वाटर मशीन का विधायक महापौर वा निगम अध्यक्ष ने किया लोकापर्ण

#### मशीन के आने से अब डस्टमुक्त होगा नगरः विधायक सिंगरौली



**सिंगरौली**। नगर प्रशासन ने नगर को स्वच्छ और धूल मुक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब नगर की सड़कों पर स्प्रिंकलर वाटर मशीन चलाई जाएगी, जिससे मुख्य बाजार सहित अन्य स्थानों पर धूल की समस्या से राहत मिलेगी। आज नगर निगम परिषर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल एवं निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर दो नग नवीन वाटर स्प्रिकल मशीन का विधिवत लोकापर्ण किया गया। इस अवसर पर विधायक शाह ने कहा कि इस विशेष मशीन से नगर क्षेत्र को धूलकण से मुक्त किया जाएगा, जिससे सफाई व्यवस्था और बेहतर बनेगी और नगर अधिक स्वच्छ रहेगा। उन्होने कहा कि वाटर स्प्रिंकलर मशीन आने से शहर में प्रदूषण काफी हद तक नियंत्रण रखेगा। वही कार्यक्रम में महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल ने कहा कि वाटर स्प्रिंकलर मशीन शहर के उड़ती धूल को पूरी तरह कम करेगी. मशीन के दाएं-बाएं के फुहारे और सामने से पानी के छिड़काव से प्रदूषण पूरी तरह नियंत्रित रहेगा. नियमित रूप से यह मशीन शहर चलायेगी जायेंगी ताकि नगरीय क्षेत्र में निवासरत नगारिको को प्रदूषण से मुक्ति मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुयें नगर निगम आयुक्त श्री डी.के शर्मा ने मशीन की खूबियो से अवगत कराते हुयें कहा कि मशीनो को लाने का उद्देश्य शहर के बड़ते प्रदूषण को कम करना था। आज इनका लोकपर्ण किया गया है। मशीने अब नियमित रूप से समय समय पर शहर की सड़को में पानी छिड़काव कर प्रदूषण को कम करने का कार्य करेगी। इस अवसर पर मेयर इन काउसिल के सदस्य खुर्शीद आलम, श्यामला देवी, पार्षद संतोष शाह, आशीष बैस, नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस, सहित पार्षद गण एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शादी समारोह के दौरान गिरा छत का छज्जा

# मासूम भाई बहन घायल, बहन की हालत गंभीर



**छतरपुर**। जिले के गौरिहार थाना क्षेत्र के घटरा गांव में शनिवार सुबह एक शादी समारोह की तैयारियों के दौरान बड़ा हादसा हो गया। दरअसल यहां एक छत का छज्जा गिरने से मासूम भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। बच्ची की हालत अत्यंत नाजुक बताई जा रही है, उसके सिर, नाक, कान से लगातार खून निकल रहा है। जानकारी के अनुसार घटरा गांव के रजक परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थीं। सुबह करीब 8 बजे घर में मंडप सजाया जा रहा था, तभी छत का छज्जा अचानक गिर पड़ा। घटना के समय तीन वर्षीय शनि पिता सुरेश रजक और छह वर्षीय शानू वहीं पर खेल रही थी, जो मलबे की चपेट में आने से घायल हो गए। परिजन घायलों को तत्काल किराये के वाहन से गौरिहार अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने बच्ची शानू की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया। एम्बुलेंस उपलब्ध न होने की वजह से परिजनों को उसे भी किराये के वाहन से जिला अस्पताल लाना पड़ा। जहां दोनों बच्चों का इलाज जारी है। बच्चों के पिता सुरेश रजक ने बताया कि घर में उनके भाई की बेटी की शादी है, जिसके लिए मंडप सजाया जा रहा था, तभी अचानक छत की दीवार गिर गई और उसके दोनों बच्चे घायल हो गए। जिला अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर रोशन द्विवेदी ने बताया कि दोनों बच्चों को गंभीर हालत में लाया गया है, जिनमें से बच्ची की स्थिति चिंताजनक है। फिलहाल दोनों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। वहां घटना के बाद से परिजनों और गांव में शादी की खुशियों के बीच मातम का माहौल है।

## खबर संक्षेप

### दीवार लेखन के माध्यम से दिया जा रहा जल संरक्षण का संदेश



**रीवा ।** जल गंगा संवर्धन अभियान से प्रत्येक आमजन को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण के निर्माण कार्यों के साथ-साथ लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। इस संबंध में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने बताया कि जन अभियान परिषद से जुड़ी नवांकुर स्वैच्छिक संस्थाएं दीवार लेखन के माध्यम से जल सरंक्षण का संदेश दे रही हैं। विकासखण्ड जवा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मंगल युवा कल्याण समिति ऊंचाडीह के द्वारा दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। अन्य विकासखण्डों में भी सामाजिक संस्थाएं अलग-अलग माध्यमों से जल संरक्षण के संदेश दे रही हैं। नवांकुर संस्था सूरज विकास समिति ने विकासखण्ड त्योंथर के ग्राम सेंगरवार में दीवार लेखन करके लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

### घर से नाराज होकर लापता हुई नाबालिक लड़की को पुलिस ने किया दस्तयाब

**रीवा।** जिले के सिरमौर थाना पुलिस ने घर से नाराज होकर निकली नाबालिग लड़की को सकुशल दस्तयाब किया है, बता दे परिजनों की डांट से नाराज होकर एक 17 साल की नाबालिग लड़की लापता हो गई थी। परिजनों ने सिरमौर पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी थाना प्रभारी जे.पी.पटेल ने बताया की सिरमौर थाना क्षेत्र की 45 वर्षीय महिला ने थाना आकर इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करने चली गई थी । जब वापस लौटी तो उसकी 17 वर्षीय किशोरी अचानक घर से लापता हो गई। आसपास पता करने पर लड़की का कोई पता नहीं लगा जिसके बाद उसके द्वारा शिकायत सिरमौर पुलिस से की गई। पुलिस ने मामले में धारा 137(2) बी.एन.एस.के तहत मामला कायम करते हुए टीम गठित कर लड़की की तलाश शुरू की जिसे तुर्की रेलवे स्टेशन के पास से पुलिस ने खोज निकाला है। पुलिस पूंछताछ पर नाबालिग लड़की ने बताया की माँ की डांट से नाराज होकर वह घर से चली गई थी । रात में रेलवे स्टेशन में ही रुकी रही तभी पुलिस सकुशल बरामद कर ली जिसके बाद उसे परिजनों को सौप दिया गया है। नाबालिग लड़की की पतासाजी में प्रधान आर.अशोक सिंह ,महिला आर.पुष्पा सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही

### इटार पहाड़ और दुर्मनकूट में शुरू हुए जल संरक्षण के कार्य



**रीवा ।** जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के इटार पहाड़ और दुर्मनकूट में जल संरक्षण के कार्य शुरू किए गए हैं। एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी ने अधिकारियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण करके जल संरक्षण के कार्यों का जायजा लिया। ग्राम पंचायत दुआरी में दुर्मनकूट आश्रम के समीप वन क्षेत्र में अमृत सरोवर का निर्माण किया जा रहा है। इसी तरह ग्राम पंचायत इटार पहाड़ एवं दूरस्थ अनुसूचित जनजाति बस्ती करियाझर में दो स्टाप डैम की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है। ग्राम पंचायत बदवार में भी दो स्टाप डैमों का सुधार के लिए चिन्हांकन किया गया है। जल संरक्षण के कार्यों में आमजनता की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। एसडीएम के भ्रमण के दौरान कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा टीपी गुर्दमान, सीईओ जनपद पंचायत संजय सिंह, सहायक यंत्री श्रीमती मनीषा मिश्रा, एपीओ जीएन श्रीवास्तव, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं आमजन उपस्थित रहे।

### हैण्डपंप और नलजल योजनाओं के सुधार के लिए हर ब्लाक में टीम तैनात करें - सांसद

# नलजल की खराब मोटर 24 घंटे में सुधारकर पानी की व्यवस्था करें

**रीवा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में विधानसभा क्षेत्र सेमरिया, विधानसभा क्षेत्र सिरमौर तथा विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि जल स्तर घटने तथा अन्य कारणों से कई बसाहटों में अभी से पेयजल आपूर्ति में कठिनाई हो रही है।**



गर्मी बढ़ने के साथ पेयजल समस्या बढ़ेगी कार्यपालन यंत्री पीएचई और जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समन्वय बनाकर हर गांव में पेयजल की समुचित व्यवस्था कराएं। खराब हैण्डपंपों के सुधार तथा बंद नलजल योजनाओं में सुधार के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में टीम तैनात करें। किसी भी क्षेत्र से सूचना मिलने पर यह टीम तत्काल कार्यवाही करके पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करे। नलजल योजनाओं की मोटर यदि जल गई है तो उसे 24 घंटे में बदलकर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। खराब हैण्डपंपों के सुधार का अभियान चलाएं। सांसद ने कहा कि एकल नलजल योजना की सतत निगरानी करें। जो नलजल योजना ग्राम पंचायत को हैण्डओवर हो गई हैं उन्हें चलाने में पीएचई विभाग ग्राम पंचायतों को सहयोग करे। जिन गांवों में अभी टंकी का निर्माण पूरा नहीं हुआ है वहाँ स्पाट सोर्स अथवा सम्पवेल के माध्यम से पानी की आपूर्ति कराएं। कई स्थानों में पेयजल आपूर्ति के लिए सोलर पंप लगाए गए थे। इनमें से अधिकांश पंप खराब हो गए हैं। इनमें बिजली की मोटर लगाकर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। बैठक में विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह ने कहा कि गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के पहाड़ी क्षेत्र में पेयजल का संकट है। इस पूरे क्षेत्र में पानी की आपूर्ति के लिए तत्काल व्यवस्था करें। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मैं नलजल योजनाओं का सत्यापन करूंगा। पीएचई के अधिकारी दौरे के समय उपस्थित रहकर नलजल योजनाओं की वस्तुस्थिति से अवगत कराएं। जिन हैण्डपंपों का जल स्तर नीचे हो गया है उनमें तत्काल राइजर पाइप लगवाएं। प्रत्येक पेयजल समस्यामूलक ग्राम पंचायत में तत्काल सिंगल फेज मोटर की व्यवस्था कराएं। इन पंचायतों में 15वें वित्त आयोग मद से जहाँ पानी उपलब्ध हो वहाँ ग्राम पंचायतों के सहयोग से बड़ी टंकी रखवाकर पानी की व्यवस्था कराएं। बड़े गांवों में एक से अधिक स्थानों में टंकी रखवाएं।

बैठक में विधायक सेमरिया अभय मिश्रा ने कहा कि विधायक निधि से स्वीकृत 36 हैण्डपंपों का तत्काल उत्खनन कराएं। सेमरिया विधानसभा क्षेत्र में पिछले 6 माह में जो हैण्डपंप सुधारे गए हैं उनकी सात दिवस में सूची प्रस्तुत करें। खराब हैण्डपंपों में सुधार का कार्य नहीं किया जा रहा है, जिससे आमजनता परेशान है। विधायक निधि और सांसद निधि से स्थापित हैण्डपंपों में भी राइजर पाइप पीएचई विभाग लगाए। बैठक में विधायक सेमरिया ने पीएचई विभाग द्वारा वित्तीय अनियमितता तथा पीएचई विभाग के कर्मचारी के निलंबन का भी मामला उठाया। विधायक ने एकल नलजल योजनाओं, समूह नलजल योजनाओं के निर्माण में ठेकेदारों द्वारा की जा रही लापरवाही का भी मुद्दा उठाया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि जवा विकासखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत चौर, कुशमेदा तथा भौंती में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। विधायक प्रतिनिधि सिरमौर भूपेन्द्र सिंह ने विधानसभा क्षेत्र में पेयजल से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए तत्परता से कार्यवाही का आग्रह किया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में टैंकर भरकर रखने के निर्देश दिए गए हैं। नलजल योजनाओं के संचालन तथा खराब हैण्डपंपों के सुधार के लिए जनपद पंचायत पीएचई विभाग के साथ मिलकर लगातार प्रयास कर रहा है। 15वें वित्त आयोग की राशि से भी पंचायतों में पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। ग्राम पंचायतों की बिजली बिलों की लंबित राशि का भुगतान भोपाल स्तर से ही विद्युत वितरण कंपनी को कर दिया गया है। बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि रीवा जिले में 21622 हैण्डपंप स्थापित हैं। इनमें से वर्तमान में 2430 बंद हैं। जल स्तर घटने के कारण 1172 हैण्डपंप बंद हैं। इनमें राइजर पाइप और सिंगल फेज मोटर लगाकर पेयजल की आपूर्ति के प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में 343 एकल नलजल योजनाएं हैं। इनमें से 293 से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। शेष बंद नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों के सहयोग से विभागीय संविदाकार चालू करने का प्रयास कर रहे हैं। जिले में 195 नलजल योजनाएं ग्राम पंचायतों द्वारा सफलतापूर्वक संचालित की जा रही हैं। सेमरिया विधानसभा क्षेत्र में हैण्डपंप उत्खनन का कार्य शुरू कर दिया गया है। पेयजल व्यवस्था के निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने पर निर्माण एजेंसियों को ब्लैकलिस्टेड किया गया है तथा दो का ठेका निरस्त करके नई एजेंसी को कार्य दे दिया गया है। बैठक में जल जीवन मिशन के जल प्रबंधक चित्रांशु ने बताया कि कंदैला समूह नलजल योजना से सौ से अधिक गांवों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। रायपुर कर्चुलियान में जहाँ तक पाइपलाइन पहुंच गई है वहाँ पानी की आपूर्ति शीघ्र की जाएगी। नलजल योजनाओं का 10 वर्षों तक रखरखाव इसे बनाने वाले ठेकेदार करेंगे। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सीईओ जवा राहुल पाण्डेय, सीईओ सिरमौर हरिशचन्द्र द्विवेदी, सीईओ रायपुर कर्चुलियान संजय सिंह, कार्यपालन यंत्री मैकेनिकल डीएल कनेल तथा सभी सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

## एमपी के युवक की यूपी बार्डर से सटे एक गांव में हुई हत्या, जमीन खरीदी को लेकर पैसे के लेनदेन में हुआ था विवाद, यूपी पुलिस मामले की जांच में जुटी

**रीवा ।** रीवा जिले यूपी बॉर्डर से लगे एक गांव मे जमीन की खरीदी को लेकर एक ही गांव में रहने वाले दो पक्ष के बीच उत्पन्न हुए विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की गोली मारकर हत्या कर दी है। दोनों पक्ष रीवा के यूपी बार्डर से सटे एक गांव के ही रहने वाले हैं जबकि वारदात को अंजाम गांव से लगे यूपी बार्डर के गांव में दिया गया है। घटना स्थल उत्तरप्रदेश होने की वजह से यूपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दिया है। मृतक के शव को प्रयागराज स्थित अस्पताल में पीएम कराने उपरांत आरोपी पक्ष पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले के आरोपी की तलाश की जा रही है जबकि एमपी में रहने वाले मृतक और आरोपी को लेकर चाकघाट थाना प्रभारी एवं त्योंथर एसडीओपी उदित मिश्रा भी मृतक के गांव पहुंचे और जानकारी जुटाने का प्रयास शुरू किया है। पूरे मामला चाकघाट थाना क्षेत्र के कुडऱी गांव का है जहां के निवासरत मृतक और आरोपी पक्ष हैं जबकि यूपी बार्डर से लगे गांव में हत्या जैसी वारदात को अंजाम दिया गया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि चाकघाट थाना क्षेत्र के कुडऱी गांव में चंद्रकांत मिश्रा उर्फ कमलेश उम्र 50 वर्ष रहते हैं जबकि गांव में ही दूसरा पक्ष बलिराज सिंह का परिवार भी निवासरत है लेकिन गांव से सटे यूपी बार्डर स्थित बहराइच ग्राम पंचायत में दोनों पक्ष की जमीन है जिसमें खेती की जाती है। बताते हैं कि कुछ दिन पूर्व चंद्रकांत मिश्रा ने बलिराज सिंह की जमीन खरीदी थी जिसका पैसे का लेनदेन दोनों पक्ष के बीच रहा था। इसी बीच जमीन के नामांतरण संबंधी कार्य दौरान पैसे



को लेकर बलिराज सिंह के अन्य भाइयों के बीच गहमा गहमी शुरू हो गई जबकि खरीददार चंद्रकांत के द्वारा कुछ पैसे देना बांकी था। इसी बात को लेकर बीते 9 अप्रैल की रात बलिराज सिंह यूपी के बहराइच पहुंचा और खरीददार चंद्रकांत मिश्रा को अचानक गोली मार दिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। जबकि घटना की जानकारी यूपी के खीरी थाना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को प्रयागराज स्थित स्वरूपरानी अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों जांच पड़ताल उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। प्रयागराज के खीरी थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दिया है वहीं आरोपी की तलाश की जा रही है। बताते हैं कि उत्तरप्रदेश के खीरी थाना पुलिस ने आरोपी बलिराज सिंह के परिवार के अन्य सदस्यों को हिरासत में ले रखा है जिनसे पूछताछ चल रही है।बाक्सजमीन के सौदेबाजी में हुई घटना चाकघाट स्थित कुडऱी गांव के निवासी की हुई हत्या के बाद त्योंथर एसडीओपी उदित मिश्रा ने मृतक के घर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली है। बता दे आरोपी एवं मृतक दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं, जबकि उनका पूरा खेती का व्यवसाय बार्डर यूपी के बहराइच गांव में होता है। दोनों पक्ष के बीच जमीन की खरीदी को लेकर पैसे के लेनदेन से विवाद उत्पन्न होना बताया जा रहा है। घटना स्थल यूपी होने की वजह से पूरे मामले की जांच यूपी के खीरी थाना पुलिस कर रही है। जबकि इस मामले में एमपी पुलिस का सहयोग भी लिया जा रहा है। इसी मामले को लेकर त्योंथर एसडीओपी दूसरे दिन यानी 10 अप्रैल को कुडऱी गांव पहुंचे हैं जहां उन्होंने मृतक के पिता और परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर मामले की गहराई के संबंध में जानकारी जुटाई है। इस दौरान चाकघाट थाना प्रभारी उनके साथ मौजूद रहे।

## संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर दो स्पा सेंटरों में पुलिस की दबिश तीन युवतियां और दो लड़के पकड़े, एसीएसपी के नेतृत्व में अलग-अलग चार थानों की टीम ने अमहिया थाना क्षेत्र में की कार्यवाई



**रीवा।** नवजात आईजी के आते ही रीवा पुलिस एक बार फिर एक्शन मोड में नजर आ रही है शहर में जगह-जगह खुले स्पा सेंटरों में अनैतिक गतिविधियों के संचालन लगातार सूचना मिलने पर पूर्व में भी पुलिस ने खुटेही के पास स्थित एक स्पा सेंटर में पर कार्यवाही की थी, किंतु कुछ समय बाद ही स्पा सेंटर में फिर से अवैध गतिविधियां संचालित होने लगी जिसकी सूचना मिलने पर शुक्रवार को एक बार फिर सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग तीन थाने टीम अमहिया थाना क्षेत्र में संचालित दा स्पा सेंटरों में पहुंची जहां से युवक युवतियों को पकड़ा गया है। खुटेही स्थित स्पा सेंटर से पुलिस ने तीन युवतियों को अपनी कस्टडी में लेते हुए आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की है, वहीं बजरंग नगर गेट पास भी एक स्पा सेंटर से दो युवकों को पुलिस ने अपनी कस्टडी में लेकर पूरे मामले के संबंध मे पूछताछ की है, कार्यवाही के दौरान सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी के साथ विश्वविद्यालय थाना प्रभारी हितेंद्र नाथ शर्मा, अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल, महिला थाना प्रभारी निशा मिश्रा समान थाना पुलिस बल सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। बाक्सक्वीन थाई और क्लाउड स्पा सेंटर में संचालित हो रही थी अवैध गतिविधियां अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरंग नगर गेट के सामने क्लाउड स्पा सेंटर मे अवैध गतिविधियां संचालित होने की पुलिस को सूचना मिली थी जिसके बाद पुलिस ने टीम बनाकर दविश दी जहां से पुलिस ने दो युवकों को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में लिया है। जहां से पुलिस को जानकारी मिली कि खुटेही में भी ऐसा ही स्पा सेंटर संचालित हो रहा है जहां अवैध गतिविधियां होती हैं। जिसके बाद पुलिस ने खुटेही में संचालित क्वीन थाई स्पा सेंटर में दबिश दी, जहां तीन युवतियों को आपत्तिजनक हालत में मिली वहीं एक युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने स्पा सेंटर के दस्तावेज भी मांगे जिसमे सही जानकारी नहीं मिल सकी है। कार्रवाई के दौरान पुलिस को आपत्तिजन सामग्रिया भी मिली है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है, साथ ही युवतियों से पूछताछ की जा रही है।

## निजी अस्पतालों में पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कराई जाए, निगम आयुक्त ने अस्पताल संचालकों के साथ की बैठक



**रीवा ।** गर्मी के दिनों में शहर में आने-जाने वाले लोगों को राहत प्रदान करने के लिए निःशुल्क प्याऊ खोले जा रहे हैं। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने शहर में संचालित निजी अस्पतालों एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें कहा कि बाड़ी संख्या में लोग गांवों से निजी अस्पतालों में आते हैं और वहीं से चले जाते हैं। गर्मी की वजह से पानी ऐसे लोगों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। जाए। किसी को खरीदकर पानी नहीं पीना पड़े। आयुक्त ने कहा जहां अधिक भीड़भाड़ होती है, वहां पानी की उपलब्धता नहीं होना एक गंभीर समस्या हो सकती है। अस्पतालों और नर्सिंग होम्स को एक-एक वाटर कूलर की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि गर्मी में लोग पानी पीने के लिए असुविधा का सामना नहीं करें।

## स्टेशन के अंदर यात्रियों को परेशान करने वाले ऑटो चालकों को पुलिस ने पीटाः भेजा जेल, जीआरपी पुलिस ने शिकायत मिलने पर की कार्यवाही

रीवा

जिले के रेलवे स्टेशन में शुक्रवार को जीआरपी के एक एसआई का दो युवकों के साथ मारपीट करने का एक वीडियो जमकर वायरल हुआ, बता दे पुलिस पकड़े गए युवकों को पूछताछ के लिए जीआरपी थाने ले जा रही थी। बताया गया कि दोनों युवक ऑटो चालक हैं जो ट्रेन में घुसकर यात्रियों को परेशान कर रहे थे। रेलवे प्रबंधन के नियमानुसार ऑटो चालकों को स्टेशन के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं है,



इसके बावजूद भी ऑटो चालक जबरन स्टेशन के अंदर प्रवेश कर जाते हैं और ट्रेनों के अंदर जाकर यात्रियों को परेशान करते हैं। जीआरपी के दरोगा ने जानकारी के बाद रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन में पहुंचे और दो युवकों को पड़कर अपने साथ थाने ले गए हैं। बताया गया है कि पकड़े गए युवक ऑटो चालक है और ट्रेन के अंदर प्रवेश कर जबरन यात्रियों को ऑटो में बैठने के लिए अपने साथ उनका सामान ले जाने लगे इसी बीच जब यात्रियों से उनका वाद विवाद हुआ तो जीआरपी पुलिस पहुंच गई जहां दोनों युवकों को पकड़कर कार्रवाई की गई।बॉक्स स्टेशन परिषद के अंदर बिना अनुमति के घुसकर उपद्र मचाते हैं ऑटो चालक इस मामले में जीआरपी थाने में तैनात उप निरीक्षक आरएस ठक्कर ने बताया लंबे समय से यात्रियों की ओर से ऑटो चालकों की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं. जब भी कोई ट्रेन पहुंचती है तो ऑटो चालक स्टेशन के अंदर प्लेटफॉर्म से यात्रियों को जबरन अपने ऑटो मे बैठाते हैं, कई बार जीआरपी द्वारा ऑटो चालको को समझाइश दी गई, इसके बाद शुक्रवार को जीआरपी ने दो ऑटोचालकों को पकड़ा और पिटाई की जीआरपी ने दोनों ऑटो चालकों के विरुद्ध धारा 170, 126, 137 के तहत प्रकरण दर्ज प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है.

## नईगढ़ी में जगह जगह मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव*



**मऊगंज।** जिले मे हनुमान जन्मोत्सव हनुमान जी के मंदिरो मे धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में (1) नईगढ़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ, पूजा अर्चना और आरती की गई। आरती के दौरान डॉक्टर बी एल तिवारी, पी एन मिश्रा, रामबिहारी मौर्य, पुष्पेंद्र पटेल, उर्मिला, विवेक गुप्ता ,दादू प्यासी,विवेक सिंह, राजेंद्र मिश्रा, पुरषोत्तम गुप्ता, रवि वर्मा आदि शामिल रहे। (2) सिंगदार तालाब महावीरपुर स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में सुंदरकांड के साथ भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें रामपाल सिंह,आनंद कुशवाहा,कमलेश पयाशी,शिवानंद पयाशी सहित सभी हनुमान भक्त उपस्थित रहे। (3) नईगढ़ी पुलिस थाने परिसर स्थित हनुमान मंदिर में सुंदर काण्ड पाठ के साथ भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमे अगस्त क्रांति मंच के संयोजक कुंजबिहारी तिवारी,निरीक्षक सनत कुमार द्विवेदी,प्रियेश पांडेय,विवेक गुप्ता, एसके शर्मा आदि शामिल रहे। (4) फुलवारी मंदिर स्थित हनुमान मंदिर में पुजारी देवेंद्र मिश्रा की अगुवाई में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया।जिसमे राजेंद्र अग्रहरि,कीठीन सोंधिया,संजय सोंधिय आदि शामिल रहे।

## लौर पुलिस ने युवक को गांजा के साथ किया गिरफ्तार

**मऊगंज।** जिले मे अवैध नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दिनाँक 12.04.25 को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर मादक पदार्थ गाँजा की बिक्री हेतु ग्राहक का इंतजार करते युवक को दस्तयाब कर उसके कब्जे से मादक पदार्थ गाँजा की बरामदगी करते हुए एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। लौर पुलिस को दिनाँक 12.04.25 को सउनि दिलराज सिंह चौहान को हमराही स्टाफ के साथ रात्रि देहात भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक प्लास्टिक की पन्नी के अन्दर मादक पदार्थ गाँजा रखकर बिक्री करने के लिए ग्राम सुअरहा मे पुल के पास ग्राहक का इंतजार कर कर रहा है, प्राप्त मुखबिर सूचना पर सउनि दिलराज सिंह चौहान द्वारा विधि अनुसार कार्यवाही करते हुए



ग्राम सुअरहा मे मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर घेराबँदी की जाकर संदिग्ध व्यक्ति को दस्तयाब किया गया, उससे नाम पता पूँछने पर अपना नाम रजनीश उपाध्याय पिता हिन्छपति उपाध्याय उम्र 31 निवासी ग्राम सुअरहा थाना लौर का होना बताया, संदेही युवक के कब्जे से उसके पास मौजूद प्लास्टिक की पन्नी की तलाशी लेते हुए कुल 01 किलो 20 ग्राम मादक पदार्थ गाँजा कीमती लगभग 08,000/- रुपए का बरामद किया गया, जिसके संबंध मे युवक का कृत्य धारा 8/20(b) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पाए जाने से बरामद मादक पदार्थ गाँजा जप्त कर कब्जे मे लिया गया एवं आरोपी युवक को गिरफ्तार कर थाना वापसी पर अपराध पँजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजे जाने हेतु न्यायालय पेश किया गया तथा आरोपी युवक के सहयोगी मादक पदार्थों एवं नशे के कारोबारियों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपीः- रजनीश उपाध्याय पिता हिन्छपति उपाद्याय उम्र 31 नि. ग्राम सुअरहा थाना लौर जिला मऊगंज (म.प्र.)।

**बरामद मशरूकाः** 01 किलो 20 ग्राम मादक पदार्थ गाँजा कीमती लगभग 08,000/-विशेष

**योगदानः-** उप निरी. गोविंद प्रसाद तिवारी थाना प्रभारी लौर, सउनि दिलराज सिंह चौहान, रमेश भारती, प्र.आर. सुनील मिश्रा, आर. अजय मौर्य, अरुणेन्द्र सिंह, सूरज तिवारी, रामकरण यादव, रविशंकर रावत।